/

**पर्यवेक्षण आख्या–जनपद आगरा एवं मथुरा**
**भ्रमण दिनांक 04 अप्रेल से 06 अप्रैल, 2022 तक**

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/आर0आई0/2021–22/04/8525 दिनांक 31 मार्च, 2022 द्वारा सघन मिशन इन्द्रधनुष–4.0, द्वितीय चरण का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में दिनांक 04 से 06 अप्रैल, 2022 तक जनपद आगरा एवं मथुरा का भ्रमण किया गया।

**भ्रमण टीम के सदस्यः–**

1. डा0 अजय घई, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी, परिवार कल्याण महानिदेशालय,उ0प्र0।
2. श्री सरोज कुमार, वी0एच0एन0डी0 परामर्शदाता, आर0आई0, एस0पी0एम0यू0, उ0प्र0।

दिनांक 04 अप्रैल 2022, जनपद आगरा :–

**स्टेट वैक्सीन स्टोर, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान परिसर, जनपद आगरा**

- WIC एवं WIF अलग–अलग दो भवन में संचालित थें।
- एक भवन में 2 WIC एवं अन्य भवन में 01 WIF संचालित था।
- WIF में 05 डीप फ्रीजर थें। सी0सी0एच0 द्वारा बताया गया कि वैक्सीन की मात्रा कम रहने के कारण वैक्सीन का रख रखाव डीप फ्रीजर में किया गया है।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।

**DVS जनपद आगरा**

- 14 वर्टिकल आई0एल0आर0, 11 होरिजेंटल आई0एल0आर0 एवं 05 डीप फ्रीजर उपलब्ध थें।
- स्टाक रजिस्टर के अनुसार कोविशील्ड 234000, कोवैक्सीन 10 डोज – 110910, 20 डोज – 16720, कोर्बेवैक्स 71200 डोज थें।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- पल्स पोलियो अभियान के पश्चात bOPV की 8000 डोज अवशेष है।
- साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी।

**कोल्ड चेन प्वाइंट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरौली अहिर, जनपद आगरा**

- आई0एम0आई0 अभियान के लिये सी0एच0सी0 अन्तर्गत 26 सत्र स्थलों पर आर0आई0 वैक्सीन का वितरण किया गया था।
- आई0एम0आई0 माइक्रोप्लान, ए0वी0डी0 प्लान, सुपरवाइजर प्लान, कम्यूनिकेशन प्लान पाया गया।
- आर0आई0 टैलीशीट, बुलावा पर्ची, एम0सी0पी0 कार्ड उपलब्ध था।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- कोल्ड चेन रूम मे आई0ई0सी0 पोस्टर पुराने लगाये गये थें।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोविशील्ड, कोवैक्सीन एवं कोर्बेवैक्स का टीका दिया जा रहा था, परन्तु टीकाकरण कक्ष के बाहर दिये जाने वाले वैक्सीन का डिस्प्ले नहीं था।

**आंगनबाड़ी केन्द्र बरौली, आगरा**

- माइक्रोप्लान के अनुसार आई0एम0आई0 सत्र दिनांक 04 अप्रैल 2022 को लगाये गये थें। सत्र स्थल पर आई0एम0आई0 बैनर डिस्पले किया गया था।
- **इसी सत्र पर पिछला सत्र दिनांक 02 मार्च 2022 को एवं 07 मार्च 2022 को लगाये गये थें जिससे परिलक्षित होता है कि आयोजित सत्र की प्लानिंग सही नहीं थी।**
- बच्चों एंव गर्भवती महिलाओं का अपडेट हेड काउंट सर्वे एवं डयू लिस्ट सही पाया गया। लाभार्थियों को बुलावा पर्ची का वितरण किया गया था।
- सत्र स्थल पर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा मोबिलाईजेशन का कार्य किया जा रहा था।

Scanned by CamScanner

- मानक के अनुरूप सत्र स्थल पर आर0आई0 के सभी एण्टीजन उपलब्ध पाये गयें।
- सत्र स्थल पर एनाफिलेक्सिस कीट पाई गई।
- **आशा कार्यकत्री के पास वित्तीय वर्ष 2019–20 का वी0एच0आई0आर0 रजिस्टर पाया गया।**
- सत्र स्थल पर infant weighing machine नहीं पाया गया।
- **सत्र स्थल पर उपलब्ध पी0सी0एम0 सीरप के साथ Measuring cap नहीं था। पूछने पर बताया गया कि UPMSCL द्वारा supply में हीं Measuring cap की आपूर्ति नहीं की गयी है।**
- सत्र स्थल पर लाभार्थियों की संख्या ज्यादा थी, परन्तु जगह कम होने के कारण सोशल डिस्टिंसिंग का पालन नहीं किया जा रहा था।

सत्र स्थल – श्यामु, सी0एच0सी0 बरौली अहिर, आगरा

- माइक्रोप्लान के अनुसार आई0एम0आई0 सत्र आयोजित किया जा रहा था। सत्र स्थल पर आई0एम0आई0 बैनर डिस्पले किया गया था।
- ए0एन0एम0 के पास माइक्रोप्लान एवं डयू लिस्ट उपलब्ध था।
- मानक के अनुरूप सत्र स्थल पर आर0आई0 के सभी एण्टीजन उपलब्ध पाये गयें।
- आशा के पास वित्तीय वर्ष 2021–22 का वी0एच0आई0आर0 रजिस्टर उपलब्ध था। आशा द्वारा प्रत्येक माह सर्वे अधुनान्त नहीं किया जा रहा है।
- आशा के पास अपडेटेड डयू लिस्ट नहीं पाया गया।
- सत्र स्थल पर एनाफिलेक्सिस कीट पाई गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद आगरा के अध्यक्षता में संध्या कालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सभी ब्लाको के चिकित्सा अधिकारी, डब्लू.एच.ओ, यूनिसेफ, यू0एन0डी0पी0 एवं यू0पी0टी0एस0यू0 के जनपदीय/रिजनल/स्टेट प्रतिनिधि को फीडबैक से अवगत कराया गया एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

<u>दिनांक 05 अप्रैल 2022, जनपद मथुरा</u>

**DVS जनपद मथुरा**

- डिस्ट्रिक वैक्सीन स्टोर एवं अर्बन कोल्ड चेन प्वाइंट एक हीं भवन में कर्टन का पार्टिशन देकर संचालित किया जा रहा था।
- स्टाक रजिस्टर के अनुसार कोविशील्ड 60000, कोवैक्सीन 10 डोज – 37000, 20 डोज – शून्य, कोर्बेवैक्स 12800 डोज थें।
- आर0आई0 की सभी वैक्सीन उपलब्ध थें।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- सभी आई0एल0आर0 में थर्मामीटर सही स्थिति में पाया गया ।

कोल्ड चेन प्वाइंट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांट, जनपद मथुरा

- कोल्ड चेन प्वाइंट में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। एक टयूबलाईट लगी हुई थी।
- आई0एम0आई0 माइक्रोप्लान, ए0वी0डी0 प्लान, सुपरवाइजर प्लान, कम्यूनिकेशन प्लान पाया गया।
- **आर0आई0 माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।** बताया गया कि माइक्रोप्लान की प्रिन्ट करानी पड़ेगी।
- 22 पुराने उपकेन्द्र एवं 8 नये उपकेन्द्र कुल 30 उपकेन्द्र हैं। 20 ए0एन0एम0 वर्किंग हैं। बताया गया कि एक हीं गॉव में नये उपकेन्द्र के भवन निर्मित किये गये हैं जबकि उसी गॉव में पहले से उपकेन्द्र भवन है।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर आई0पी0वी0 वैक्सीन के स्टाक में 50 डोज का अंतर पाया गया।

Scanned by CamScanner

**सत्र स्थल – मांट मूला, मांट, मथुरा**

- माइक्रोप्लान के अनुसार आई0एम0आई0 सत्र आयोजित किया जा रहा था। सत्र स्थल पर आई0एम0आई0 बैनर डिस्पले किया गया था।
- **सत्र स्थल पर तीन वैक्सीन कैरियर उपलब्ध थें जिसमें एक डे कैरियर था।** बताया गया कि एक कैरियर में कोविड वैक्सीन, दूसरे कैरियर में आर0आई0 वैक्सीन एवं तीसरे डे कैरियर में एच0आई0वी0, सिफलिस कीट है।
- **आशा कार्यकत्री के पास वी0एच0आई0आर0 रजिस्टर एवं इम्यूनाईजेशन ट्रैकिंग बुकलेट दोनों उपलब्ध पाया गया। वी0एच0आई0आर0 रजिस्टर अधुनान्त नहीं था।**

**सत्र स्थल – नगला लोहरा, मथुरा**

- माइक्रोप्लान के अनुसार आई0एम0आई0 सत्र दिनांक 05 अप्रैल 2022 को लगाये गये थें। सत्र स्थल पर आई0एम0आई0 बैनर डिस्पले किया गया था।
- टीकाकरण पश्चात टीकाकर्मी द्वारा चार प्रकार के संदेश नहीं दिये जा रहे थें।
- बच्चों एंव गर्भवती महिलाओं का अपडेट हेड काउंट सर्वे एवं डयू लिस्ट सही पाया गया। लाभार्थियों को बुलावा पर्ची का वितरण किया गया था।
- सत्र स्थल पर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा मोबिलाईजेशन का कार्य किया जा रहा था।
- मानक के अनुरूप सत्र स्थल पर आर0आई0 के सभी एण्टीजन उपलब्ध पाये गयें।
- सत्र स्थल पर एनाफिलेक्सिस कीट पाई गई।
- **सत्र स्थल पर उपलब्ध पी0सी0एम0 सीरप के साथ Measuring cap नहीं था। पूछने पर बताया गया कि UPMSCL द्वारा supply में हीं Measuring cap की आपूर्ति नहीं की गयी है।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद मथुरा के अध्यक्षता में संध्या कालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सभी ब्लाको के चिकित्सा अधिकारी, डब्लू.एच.ओ, यूनिसेफ, यू0एन0डी0पी0 के जनपदीय प्रतिनिधियो को फीडबैक से अवगत कराया गया एवं सुधारात्मक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

**दिनांक 06 अप्रैल 2022**
**सत्र स्थल जिवनी मण्डी, आगरा**

- आर0आई0 माइक्रोप्लान के अनुसार सत्र आयोजित किये जा रहे थें। सत्र स्थल पर आई0ई0सी0 बैनर डिस्पले था।
- मानक के अनुरूप सत्र स्थल पर आर0आई0 के सभी एण्टीजन एवं एनाफिलेक्सिस कीट उपलब्ध था। बच्चों एंव गर्भवती महिलाओं का हेड काउंट सर्वे एवं डयू लिस्ट सही पाया गया। लाभार्थियों को बुलावा पर्ची का वितरण किया गया था।

**कोल्ड चेन प्वाइंट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र समशाबाद, आगरा**

- आर0आई0 माइक्रोप्लान के अनुसार 29 सत्र स्थलों के लिये आर0आई0 वैक्सीन का वितरण किया गया था।
- आई0एम0आई0 माइक्रोप्लान, ए0वी0डी0 प्लान, सुपरवाइजर प्लान, कम्यूनिकेशन प्लान पाया गया।
- eVIN और वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर वैक्सीन का स्टाक सही पाया गया।
- **सी0एच0सी0 अन्तर्गत 27 उपकेन्द्र एवं 5 नये उपकेन्द्र कुल 32 उपकेन्द्र हैं। मैप में नये 5 उपकेन्द्रों का Demarkation नहीं किया गया था।**

**सत्र स्थल बाकलपुर, समशाबाद, आगरा**

- आर0आई0 माइक्रोप्लान के अनुसार सत्र आयोजित किये जा रहे थें।
- **सत्र स्थल पर अन्य प्रोटोटाइप का बैनर डिस्पले था जो राज्य स्तर से approved नहीं है।**

Scanned by CamScanner

- बच्चों एंव गर्भवती महिलाओं का अपडेट हेड काउंट सर्वे एवं डयू लिस्ट सही पाया गया। लाभार्थियों बुलावा पर्ची का वितरण किया गया था।
- सत्र स्थल पर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा मोबिलाईजेशन का कार्य किया जा रहा था।
- मानक के अनुरूप सत्र स्थल पर आर0आई0 के सभी एण्टीजन एवं एनाफिलेक्सिस कीट उपलब्ध था।
- ए0एन0एम0 द्वारा सत्रवार record keeping register संधारित किया जा रहा था जिसमें प्रत्येक लाभार्थियों का आर0सी0एच0 आई0डी0 अपडेट पाया गया। Record keeping अच्छा था।
- सत्र स्थल से 50 मीटर की दूरी पर नये उपकेन्द्र का भवन था जिसमें ताला लगा हुआ था। सुझाव दिया गया कि नये उपकेन्द्र में हीं प्रथम बुधवार के सत्र आयोजित किये जायें।

07.04.2022

सरोज कुमार
(वी0एच0एन0डी0 कन्सलटेंट–आर0आई0)

डा0 अजय घई
(राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी)

Scanned by CamScanner